एम.बी.बी.एस. और एम.डी. छात्रों पर दिया जाने वाला खर्च

3429. **श्री नागमणि:**

चौधरी हरमोहन सिंह यादव:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) सरकार द्वारा सरकारी कालेजों में प्रत्येक एम.बी.बी.एस. और एम.डी. छात्र पर कितना खर्च किया जाता है;

(ख) इस खर्च का कितना भाग छात्र से वसूल किया जाता है;

(ग) पिछले तीन वर्षों के दौरान इनमें से कितने डाक्टर भारत से बाहर चले गए हैं; और

(घ) क्या सरकार सरकारी मेडिकल कालेजों से पढ़कर निकलने वाले डाक्टरों के लिए कुछ अवधि तक ग्रामीण तथा पिछड़े क्षेत्रो में काम करना अनिवार्य बनाने का विचार रखती है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री दलित एजिलमलाई): (क) और (ख) भारतीय चिकित्सा परिषद द्वारा चलाए गए एक अध्ययन के अनुसार सरकारी चिकित्सा कालेजों में स्नातक पूर्व स्तर पर चिकत्सा शिक्षा की लागत 74,000/- रुपये से 1.78 लाख रुपये और स्नातकोत्तर स्तर पर 71,000/- रुपये से 1.64 लाख रुपये प्रति छात्र प्रति वर्ष है। इन पाठ्यक्रमों के लिए छात्रों से ली जा रही फीस बहुत कम है।

(ग) पिछले 3 वर्षों के दौरान उच्च अध्ययनों/रेजिडेंसी/प्रशिक्षण के लिए विदेश जाने के लिए जिन डाक्टरों को अनापत्ति प्रमाण-पत्र जारी किए गए हैं, उनकी संख्या इस प्रकार है:—

1995	—	1774
1996	—	1583
1997	—	1529

(घ) केन्द्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण परिषद ने निश्चय किया है कि स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश से पहले किसी विशिष्ट अवधि के लिए ग्रामीण क्षेत्र में तैनाती को अनिवार्य और एक पूवपिक्षा बना दिया जाए।

एड्स के प्रसार में सिरिंजों की भूमिका

3430. **श्रीमती शबाना आज़मी:**

श्री बलवन्त सिंह रामूवालिया:

क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या एड्स के प्रसार में इजेक्शनों में प्रयुक्त होने वाली सिरिंजों की भी एक प्रमुख भूमिका है;

(ख) यदि नहीं तो सरकार की इस संबंध में क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या देश में सिरिंजों की मांग उसके उत्पादन से तीन गुना ज्यादा है; और

(घ) यदि नहीं तो इस संबंध में सरकार का क्या आकलन है तथा इसकी मांग और आपूर्ति में अंतर कम करने के लिए सरकार ने क्या योजना बनाई है?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के राज्य मेंत्री (श्री दलित एज़िलमलाई) (क) जी नहीं। संक्रमित सुई एवं सिरिंजों से एच आई वी संक्रमण होने का खतरा मात्र 0.04 प्रतिशत है।

(ख) स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन ने एक्वायर्ड हास्पीटल इन्फेक्शन को नियन्त्रित करने जिसमें प्रयोग पूर्व सिरिंजों एवं सुइयों को विसंक्रमित करना शामिल है, के बारे में सभी अस्पतालों तथा स्वास्थ्य परिचर्या संस्थाओं को दिशानिर्देश जारी किये हैं।

(ग) जी नहीं।

(घ) यह प्रश्न नहीं उठता।

Utilisation of Mahila Swastha Sangli for Rural Health Education

3431. SHRI VAYALAR RAVI: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether Government have held any discussions with the State Governments on the utilisation of Mahila Swastha Sangh for the rural health education programme; and

(b) if so, the proposals and the reaction of State Governments thereto?